## पंचायत उप निर्वाचन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने पंचायत उप निर्वाचन 2024 में ऐसी ग्राम पंचायतों जिनमें जिला पंचायत सदस्य/जनपद सदस्य/सरपंच/ पंच का निर्वाचन होना है उन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार जोर-शोर से होने की संभावना तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखते के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 183 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश किए हैं।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार सिवनी जिले की सीमा अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत सदस्य / जनपद सदस्य / सरपंच/पंच का निर्वाचन होना हैं ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का आग्नेय शस्त्रों, फायर आर्म्स एवं घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बदूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, बल्लम, खंजर, शमशीर लेकर नहीं चलेगा और ना ही किसी भी प्रकार का घातक हथियार जिनसे जन साधारण को चोट पहुंचाने के प्रयोग में लाया जा सकने का खतरा हो, धारित कर सार्वजनिक रूप से नहीं निकालेगा चाहे वह लाईसेंस धारी ही क्यों ना हो। सिवनी जिले की सीमा अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत सदस्य / जनपद सदस्य/सरपंच/पंच का निर्वाचन होना है ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत/वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी व्यांका अथवा सम्प्रदाय या समूह, राजनैतिक दल जिले के सम्बंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से 24 घण्टे पूर्व वैद्यानिक अनुमति प्राप्त किये बगैर किसी भी स्थान पर आमसभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद मा सो आयोजित करेगा और न ही इसके लिये प्रचार-प्रसार करेगा।

ऐसी आमसभा, धरना, रैलियों में विस्फोटक पदार्थ लेकर उपस्थित नहीं होगा। इसके साथ ही सम्बंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी / तहसीलदार से विधिवत अनुमति प्राप्त किये बगैर किसी भी वाहन पर बैनर फ्लेक्स बोर्ड, स्पीकर, लाउड स्पीकर आदि लगाकर अथवा बगैर लगाये भी चुनाव प्रचार नहीं करेगा। निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी आमसभा, जमावडा, आयोजन जिसमे पांच या पांच से अधिक व्यक्ति शामिल हो बिना सम्बंधित थाना प्रभारी की सहमति से अनुविभागीय दण्डाधिकारी / तहसीलदार की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किये जा सकेंगे।

इसी तरह पंचायत उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध के निर्वाचन हेतु आदर्श आचरण संहिता के दौरान रात्रि 10.00 बजे से प्रात: 8:00 बजे तक चुनाव प्रचार सबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाता है। जिसमें घर-घर जाकर प्रचार एस एम एस. व्हाट्सएप्प संदेश, दूरभाष तथा लाउड स्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 (पुरानी धारा-दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144) के अंतर्गत एक पक्षीय रूप स पारित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 (पुरानी धारा-भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188) के तहत दण्डनीय होगा।

### कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन द्वारा पंचायत उप-निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध के मद्देनजर चुनाव प्रचार के कार्य में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के दुरूपयोग व लोक प्रशांति बनाए रखने हेतु मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा- 18 के तहत जिले की जिन ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच के निर्वाचन होने हैं। उन्हें 16 दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित करने के आदेश जारी किए है। उल्लेखित अवधि में बिना सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह निर्वाचन प्रयोजन के लिए आमसभाओं के दौरान किसी भी प्रकार के वाहन में लगाए गए लाउड स्पीकर का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रात: 6.00 बजे के मध्य नहीं किया जाएगा।

## कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा



**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार 13 नवंबर को निर्माण विभागों की बैठक लेकर जिले में निर्माणाधीन विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भवन विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, एमपीआरडीसी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जल संसाधन विभाग, जल निगम तथा पीएचई के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने विभिन्न विभागों द्वारा बनाए जा रहे सीएम राईज स्कूल, कन्या शिक्षा परिसर, स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य शासकीय भवनों की प्रगति की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यवार विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम राईज स्कूल केवलारी की प्रस्तावित भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसी तरह गोपालगंज एवं कुरई स्वास्थ्य केन्द्रों के नवीन भवन के लिए भूमि आवंटन कार्यावाही हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं साथ ही संबंधितों को निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है।



**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्रीधाम के निकट परम पूज्य जगद्गुरु स्वामी श्री शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की तपोस्थली श्री वनम परमहंसी गंगा में विराजित मैया त्रिपुर सुंदरी भगवती का विगत बुधवार को मनमोहक श्रृंगार किया गया। जिसे दर्शक लोगों ने दर्शन कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

**फोटो** - शरद नेमा।

### सार-समाचार

### अखंड हरिनाम सप्ताह की बैठक



**सौसर, देशबन्धु।** अखंड हरिनाम सप्ताह सौसर में वर्ष 2025 में निरंतर 39 वां मनाने हेत रखी गई । बैठक सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजयजी आमले उपाध्यक्ष नामदेव पाटिल सचिव सुभाष गाडगे सहसचिव योगीराज भगत तथा कोषाध्यक्ष धनराज सरोदे एवं कार्यकारिणी सदस्य में प्रदीप ठाकरे, प्रभाकर बोबडे, प्रभाकर घटोड, रामेश्वर सुपतकर, रमेश आमले, कुंडलीक रेवसकर, रविकांत बोबडे, रामकृष्ण बोडखे, मीराबाई खंडाईत, सिंधुबाई रेवासकर, नंदकिशोर ओरोकार, शंकर घोडमारे, जयंत फसाटे, नलूबाई गाडगे, अधिवक्ता रविशंकर धुर्वे को सर्वसम्मति से चुना गया तथा प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी सफल अखंड हरिनाम सप्ताह संपन्न कराने हेतु सभी समिति ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा सहयोग का वचन दिया।

### मां सरस्वती के आंगन में तुलसी शलिगराम विवाह की धूम



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव के प्रांगण में देवउठनी एकादशी भगवान शालिग्राम माता तुलसी के विवाह उत्सव समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह में संस्था अध्यक्ष हाकम सिंह चड़ार, प्राचार्य कमलेश तिवारी, प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने भगवान शालिग्राम मां तुलसी माता का पूजन और आचार्य दीपक तिवारी ने मंत्रो वैदिक रीति से विवाह के कार्य किए सभी आचार्य परिवार भैया बहिनो नै पूजन किया । मां तुलसी प्रतिभा पाठक भगवान शालिग्राम यशिका पटेल ने सजीव चित्रण किया ।बारात की आगवानी बहिनों आचार्य ने की। कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति थी।

### विद्यालय में जलाईं फुलझड़ियां



**करेली, देशबान्धु ।** एस.ई.एस.बसखेडा में विद्यालय परिवार द्वारा तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ । बाल कमेटी की अध्यक्ष टीना विश्वकर्मा ,मालती पटेल व्दारा भजन की प्रस्तुति दी गई प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता ,प्रीति दुबे ,रोहित तिवारी एवं स्टाफ व्दारा तुलसी जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया इस अवसर पर भैया बहिनों द्वारा फुलझड़ियां जलाकर रोशनी की गई ।

### कार्तिक मास के पावन पर्व पर 18 को जंगी दुय्यम खड़ा तमाशा का आयोजन

**रामाकोना, देशबन्धु ।** ग्राम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक मास के पावन पर्व पर 18 नवम्बर 2024 को जंगी दुय्यम खड़ा तमाशा का आयोजन रखा गया है । इस आयोजन में क्रांतिज्योति कलंगी मंडल मु. खंडाळा तहसील पारशिवनी जिला नागपुर एवं राष्ट्रीय खड़ी गम्मत स्वतंत्र सफ़ेद निशान तहसील पवनी जिला भंडारा के मध्य दुय्यम होंगी । शंकर पातुरकर ने जानकारी देते हुए बताया की यह जन जागरण का उदेश्य से कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत प्रांगण में रखा जाएगा ।

## विशाल इनामी दंगल में रामफल पहलवान ने मारी बाजी

### अजय लकबह को मिला द्वितीय इनाम



**छपारा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पंचायत तुल्फ के ग्राम कोंडरा में मड़ई मेला दंगल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े के मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि सरपंच अवध लाल मरकाम अध्यक्ष सरपंच संघ धनीराम कुमरे सरपंच तुल्फ उप सरपंच मेहतर उईके लालचंद धुर्वे राम जी इंनवाती मोहरसी उईके जंगल सिंह अहाके दादा जगदेव कुमरे मुकदमा सहांजु इनवाती अतुर ऊईके रामभरोष इनवाती सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे ।

12 नवंबर को ग्राम कोंडरा के विशाल इनामी दंगल के कार्यक्रम में सिवनी जिले के आनेको पहलवानों ने भाग लिया जिसमें प्रथम इनाम रामफल पहलवान तुल्फ और द्वितीय ईनाम अजय पहलवान लकवाह प्रदान किया गया ।

दोनों पहलवानों ने दांव पेंच का शानदार प्रदर्शन किया दर्शको ने दोनो पहलवानों की सरहना किया रात्रि कालीन कार्यक्रम मे गोंडी डांस ग्रुप घंसौर व्दारा शानदार प्रस्तुति दिया । आयोजन समिति का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

## जिला यादव महासभा की कार्यकारिणी घोषित



**सिवनी, देशबन्धु।** जिला यादव महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार यादव द्वारा अपनी जिला कार्यकारिणी घोषणा कर दी गई है। गत दिवस वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल कुमार यादव के निवास पर आयोजित हुई बैठक में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार यादव द्वारा जिला यादव महासभा की कार्यकारिणी घोषणा की गई।

जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष किशोर यादव लखनादौन, जिला युवा यादव महासभा अध्यक्ष एड.अमित यादव लखनादौन, सचिव एड.अखिलेश यादव, सह सचिव संजय यादव लखनादौन, उपाध्यक्ष सुभाष यादव घंसौर, प्रशांत यादव लखनादौन, एडवोकेट पवन यादव केवलारी, नंदलाल यादव भैरोगंज सिवनी, रंजीत यादव सिवनी, उमेश यादव बींझावाड़ा, शिवकुमार यादव धूमा, डॉ लक्ष्मी यादव कान्हीवाड़ा,रमेश यादव बंडोल, रूप सिंह यादव मझगवा, महामंत्री प्रभु दयाल यादव बंडोल, राजेंद्र यादव पूर्व अध्यक्ष सिवनी, अरुण यादव बींझावाड़ा, रमेश यादव छपारा, नंदू यादव धूमा, प्रकाश यादव अर्जुनझिर,बलराम यादव गणेशगंज, मोनू यादव चमारी, सुरेंद्र यादव पिता नन्हे यादव पहाड़ी, रामकुमार यादव बरेली, भुवन यादव चरगांव घंसौर, श्याम लाल यादव विवेकानंद वार्ड सिवनी, कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव मानेगांव, जिला अधिवक्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष अवि यादव जी, विधि सलाहकार एड.कुसुम यादव सिवनी,एड.शिशुपाल यादव सिवनी, एड.अमित राजा यादव डूंडा सिवनी, जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ दिनेश (अड्डु) जनता नगर सिवनी, मीडिया प्रभारी मुकेश यादव लखनादौन,नीलू यादव बंडोल, विक्रम यादव कटंगी रोड सिवनी, विनोद यादव लूघरवाड़ा एवं राकेश यादव अलोनिया को शामिल किया गया है। जबकि संरक्षक के रूप में विनोद यादव पूर्व जिला अध्यक्ष बींझावाड़ा, रमन यादव (बाबू भैया) भैरोगंज, के. के.यादव गायत्री मंदिर,महेश कुमार यादव बबरिया, एडवोकेट निर्मल कुमार यादव, राजकुमार यादव टिग्गा मोहल्ला, जगन्नाथ यादव डूंडासिवनी, शिवदयाल यादव डूंडासिवनी, घनश्याम यादव डूंडासिवनी, गोपाल यादव काली चौक, भन्ना भैया काली चौक, आनंद यादव आनद टेंट हॉउस डूंडा सिवनी, कुंज बिहारी यादव,खेमचंद यादव, लक्ष्मण यादव काली चौक, मोहन यादव सिवनी एवं कपूर चंद यादव विवेकानंद वार्ड सिवनी को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया।

इसी प्रकार सिवनी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में विनोद यादव पूर्व सरपंच खैरी, बरघाट ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप यादव सरपंच अरी, केवलारी ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद यादव, घंसौर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव पिता हरिचरण यादव,लखनादौन ब्लॉक अध्यक्ष एड. कन्हैया यादव, छपारा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव, कुरई ब्लॉक अध्यक्ष गंगा देशमुख को बनाया गया है। जबकि सिवनी नगर अध्यक्ष दीपक यादव ठेकेदार को बनाया गया है। जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरूण कुमार यादव द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि सभी समाज के लिए आगे आकर उत्कृष्ट कार्य करेंगे।

## समय सीमा बैठक

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में 12 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित तथा खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाईन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सीएम हेल्प लाईन की विभागवार विस्तृत के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड करे उच्च स्तर लेबल न जाए। उन्होंने समाधान एक दिवस में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों की निराकरण स्थिति की भी समीक्षा कर अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए सभी जनपद एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को कैंप लगाकर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह ग्रामवार तालाब पट्टा आवंटन को लेकर भी पात्र संस्थाओं एवं व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित कराने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ आबकारी विभाग की कार्यवाहियों की भी समीक्षा की।

## गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा होना बड़ी बात : जालम सिंह



**करेली, देशबान्धु ।** चौगान किला के पास पटकुही ग्राम में जारी सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा मूल पाठ, गौ कथा के चौथे दिन जालम सिंह पटेल ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण ओर ब्यास पीठ का पूजन अर्चन कर पुण्य आशीर्वाद प्राप्त किया और गौशाला पहुँचकर गौपूजन भी किया ।. इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि गोमाता में सभी देवी देवताओं का निवास होता है । गौशाला में गौमाता की अच्छी से होना चाहिए सभी को गौसेवा करनी चाहिए आश्रम की गौशाला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन बड़ी बात है ऐसे स्थानों पर कथा होने से आम लोगों के मन में गाय के प्रति स्नेह व सेवा भावना बढ़ती है इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए आयोजक एवं समस्त सहयोगी ज़न साधुवाद के पात्र है ।

जगमोहन मारियाजी के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पत्रकारों की भी उपस्थिति रही।

## परमात्मा ही परम सत्य : नारायणानन्द

**छपारा, देशबन्धु।** श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन का चतुर्थ दिवस रहा। काशी धर्मपीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी नारायणानन्द तीर्थ महाराज के पावन सान्निध्य में अनेक स्थानों से आए भक्तों ने आध्यात्मिक गंगा में तथा भागीरथी गंगा में सानन्द डुबकी लगाई। काशी धर्म पीठाधीश्वर प्रवचन के दौरान पूज्य महाराज जी ने बताया कि भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर जीव मुक्ति को प्राप्त होता है। जब जब धर्म पर विपदा आती है तो उस विपदा को दूर करने के लिए तब तब भगवान का अवतार होता है जैसा कि श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है- यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत...। पुराणों के अनुसार, भगवान् विष्णु के दो भक्त हुए जय और विजय श्रापित होकर हाथी व मगरमच्छ के रूप में धरती पर उत्पन्न हुए थे।

गोवर्धन कथा का वर्णन किया। महाराज जी ने बताया कि कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएँ उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा।



प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

महाराज जी ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया।इस छपारा में चल रहे कथा कार्यक्रम के मुख्य गोल्डन टेम्पल धर्मार्थ ट्रस्ट व वैभव लक्ष्मी ग्रुप एवं छपारा नगरी के सम्पूर्ण भक्तगण नित्य प्रति श्रोताओं तथा विभिन्न स्थानों से आए हुए भक्तों में बड़ा उल्लास देखने को मिला। भक्त जन ज्ञान गंगा में गोता लगाकर भगवान लक्ष्मी नारायण का दर्शन भी बड़ी सुगमता से प्राप्त कर रहे हैं।

## दैनिक राशिफल

**गुरूवार 14 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थदशी नक्षत्र- अश्विनी।**

### मेष
अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा।

### वृषभ
आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। `क- 257- 137

### कर्क
आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे। काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार- विमर्श होगा।

### सिंह
खट्टे- मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा।

### कन्या
नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है।

### तुला
आज का दिन मौज-मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा।

### वृश्चिक
घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इससे आप राहत का अनुभव करेंगे। शारीरिक - मानसिक ताजगी के कारण काम करने का उत्साह होगा।

### धनु
आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें।

### मकर
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आप में स्फूर्ति का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद या निरर्थक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

### कुंभ
आज आपके मन से चिंता का भार कम हो जाएगा और आप मानसिक रूप से खुशी का अनुभव करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

### मीन
आज आपको खर्च के अतिरिक्त क्रोध और जीभ पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ तकरार होने की संभावना है।

म. 178-237

1,5,6,9,14,54,65,99,92,53,70,09